Paonta Sahib: कालाअंब में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, लाखों के लेबल और शराब जब्त

Paonta Sahib News(ज्ञान प्रकाश): हिमाचल हरियाणा की सीमा पर बसे कालाअंब औद्योगिक क्षेत्र में पिछले लंबे समय से अवैध शराब का गैर कानूनी कारोबार चल रहा था. यहां एक फैक्ट्री में बनाई जा रही है अवैध शराब के उत्तराखंड में सप्लाई की जा रही थी। विभाग के संज्ञान में मामला आया तो सरकारी अमला हरकत में आया. राज्य कर एवं आबकारी विभाग की टीम ने यहां बड़ी कार्रवा अंजाम दी। यहां विभाग की टीम में नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री को सीज कर दिया. आबकारी विभाग की टीम ने रॉयल ब्लू व्हिस्की की लगभग 230 पेटियां जब्त कर लीं.

Source: https://zeenews.india.com/hindi/zeephh/himachal-pradesh/paonta-sahib-illegal-liquor-factory-busted-in-kala-amb-labels-and-liquor-worth-lakhs-seized/2743639